दिन–मंगलवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 29 ⁄ 07 ⁄ 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्‌न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 05 मिनट

---

लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा आज भी जारी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन के दौरान पहलगाम के आतंकी हमले में शामिल आतंकियों और उनके पनाहगाहों को चुन–चुन कर नष्ट कर दिया। श्री शाह ने कल जम्मू कश्मीर में ऑपरेशन महादेव के दौरान भारतीय सेना, सीआरपीएफ और जम्मू–कश्मीर पुलिस के पराक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि कार्रवाई में पहलगाम आतंकी हमले में शामिल तीन आतंकवादियों सुलेमान शाह, जिबरान और हमजा अफगानी को मार गिराया गया। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़ संकल्प के साथ पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने वाले आतंकी नेटवर्क के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की गई और ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

इधर, राज्यसभा की कार्यवाही आज विपक्ष के हंगामे के बाद दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। इससे पहले, विपक्षी सांसदों ने बिहार में विशेष मतदाता पुनरीक्षण–एसआईआर सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की मांग को लेकर हंगामा किया।

———————————————————————

राज्य मंत्रिमंडल ने बिहार राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के गठन को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिमंडल की बैठक में नगर विकास और आवास विभाग के इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने बताया कि बिहार राज्य सफाई कर्मचारी आयोग विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत सफाई कर्मचारियों के कल्याण, आर्थिक और सामाजिक विकास तथा अन्य पहलुओं पर सरकार को सलाह देगा। इस आयोग में एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष और पांच अन्य सदस्य होंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हाल ही में इस आयोग के गठन की घोषणा की थी। डॉक्टर सिद्धार्थ ने बताया कि एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय के तहत मंत्रिमंडल ने सेवानिवृत्त पत्रकारों के लिए पेंशन राशि छह हजार रुपये

से बढ़ाकर पंद्रह हजार रुपये प्रति माह करने के प्रस्ताव को भी मंजूर कर लिया है। सूचना और जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित बिहार पत्रकार सम्मान पेंशन योजना के तहत अब पत्रकारों को पंद्रह हजार रुपये मासिक पेंशन मिलेगी। उनकी मृत्यु होने पर उनकी पत्नी को योजना के संशोधित प्रावधानों के तहत दस हजार रुपये मासिक पेंशन दी जाएगी।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब से कुछ देर बाद वैशाली में नवनिर्मित बुद्ध सम्यक संग्रहालय और स्मृति स्तूप का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन समारोह में पन्द्रह देशों के बौद्ध भिक्षु भी शामिल हो रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि बहत्तर एकड़ क्षेत्र में फैले इस भव्य परिसर के निर्माण पर पांच सौ पचास करोड़ रूपये की लागत आयी है। बुद्ध सम्यक दर्शन सह स्मृति स्तूप में भगवान बुद्ध का पावन अस्थि कलश स्थापित किया गया है, जो स्मारक का प्रमुख केन्द्र बिन्दु है। भगवान बुद्ध का यह अस्थि अवशेष सबसे प्रमाणिक है। इसका उल्लेख चीनी यात्री ह्वेनसांग ने भी अपनी पुस्तक में किया है।

———————————————————

दक्षिणी–पश्चिम मानसून की अतिसक्रियता से राज्य के पूर्वी और दक्षिणी भागों में अनेक स्थानों पर मध्यम से भारी वर्षा का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार आज जमुई, बांका, भागलपुर, मुंगेर समेत राज्य के दक्षिण–पूर्व भागों में कई स्थानों पर बहुत भारी बारिश की आशंका है। इसे लेकर विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, पटना, नालंदा, गया, नवादा, लखीसराय, जहानाबाद समेत राज्य के दक्षिण–मध्य भागों में कई स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना और आस–पास के क्षेत्रों में तेज वर्षा दर्ज की गयी। जिससे राजधानी के कई इलाकों भीषण जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी है।

———————————————————

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि मुंगेर जिला अंतर्गत सीतापुर मेला के पौराणिक और धार्मिक महत्ता को देखते हुए इसे राज्य मेले का दर्जा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे संबंधित अधिसूचना प्रारूप गठित किया गया है।

———————————————————

समस्तीपुर जिला भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रखंड प्रमुख सुभाषचंद्र यादव का कल देर रात उनके पैतृक गांव हसनपुर के मरांची उजागर में निधन हो गया। उनके असमायिक निधन पर विभिन्न दलों के नेताओं और गणमान्य लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।